श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
(मानित विश्वविद्यालय)
बी-4, क़ुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016

एफ.1 (101)/ ला.बा.शा.वि/जी.ए.डी/2019-20/ 1032 दिनांक :14.02.2020

कार्यालय आदेश

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त पत्र संख्या 8-41/2019-L.II दिनांक 04.02.2020 में यह निर्देश दिया गया है कि मातृभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष दिनांक 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस मनाया जाए। इस परिप्रेक्ष्य में कुलपति महोदय के आदेशानुसार विद्यापीठ में **"मातृभाषा दिवस"** दिनांक 21.02.2020 को आयोजित किया जाएगा जिसके अंतर्गत विद्यापीठ के शैक्षणिक/ गैर-शैक्षणिक कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रो. कमला भारद्वाज, छात्र-कल्याण संकाय प्रमुख, डॉ. परमेश कुमार शर्मा एवं डॉ. दिनेश यादव के निर्देशन में किया जाएगा। कार्यक्रम की रूप रेखा इस प्रकार है:-

क्रम संख्या	दिनांक एवं समय	कार्यक्रम	स्थान
1	**21/02/2020** (प्रातः 10:30 से अपराह्न: 01:00 तक)	डॉ. चमूकृष्ण शास्त्री द्वारा **"असाध्यं साध्यं कुर्याम"** विषय पर व्याख्यान समारोह।	भूतल (स्वर्ण जयंती सदन)
2	**21/02/2020** (अपराह्न 2:00 से)	विद्यापीठ के छात्रों के लिए संस्कृत गीत/ लोक गीत गायन प्रतियोगिता।	(योग केंद्र) सारस्वत साधना सदन
3	**21.02.2020** (अपराह्न 02:00 से)	पंडित गौरीनाथ शास्त्री स्मृति व्याख्यान के अंतर्गत **"मदधीनं संस्कृतम्"** विषय पर व्याख्यान। **मुख्य अतिथि: डॉ. चमूकृष्ण शास्त्री**	भूतल (स्वर्ण जयंती सदन)

उपर्युक्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः रुपये 700/-, 500/- और 300/- के पुरस्कार नकद राशि के रूप में प्रदान किये जाएंगे। नकद पुरस्कार वितरण, मुख्य अतिथिगण के लिए शॉल एवं गुलदस्तें, जलपान व्यवस्था हेतु रुपये 7000/- की अग्रिम राशि श्री रोहित वशिष्ठ, बहुकार्य कर्मचारी (प्रशासन) लेखा विभाग से प्राप्त कर सकते हैं।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

भारती त्रिपाठी

(भारती त्रिपाठी)
सहायक कुलसचिव (प्रशासन)

कृ.पृ.उ